पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल की अध्यक्षता में उ0प्र0 पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

————

उ0प्र0 पुलिस आर्म्ड फोर्सेज के स्वर्गीय कर्मियों के 09 आश्रित लाभार्थीगणों को पत्येक को तीन लाख रूपये की टर्म डिपाजिट का रसीद वितरण

————

विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी आश्रित लाभार्थियों को किया जाए जागरूक

————

स्वर्गीय कर्मियों के आश्रित लाभार्थीगणों का डाटाबेस तैयार करने का निर्देश

– राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊः 8 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ की प्रबंध समिति की 40वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी के समक्ष 12 मदों पर चर्चा की गयी, जिनमें समिति के वित्तीय विवरण, आय–व्ययक लेखा का अनुमोदन, सहायता के लिए लाभार्थियों को हुए भुगतान का विवरण, आश्रितों के बच्चों के लिए साइकिल, लैपटॉप/टैबलेट हेतु प्रस्ताव का विवरण आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

राज्यपाल जी ने गत वर्ष संस्थान की 39वीं बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुश्रवण करते हुए आश्रित लाभार्थियों को विभिन्न मदों के तहत दी जाने वाली सहायता राशि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही सहायता प्रदान करने की सुविधा होनी चाहिए। संस्थान द्वारा प्रदत्त सहायता के अतिरिक्त विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी लाभार्थियों को जागरूक किया जाए व उन्हें उन योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाए। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने आवास संबंधी आवेदनों की सूची तैयार कर उसके निस्तारण के भी निर्देश दिए।

बैठक में राज्यपाल जी ने प्रदेश के सभी थानों एवं पुलिस कार्यालयों पर कल्याणकारी योजनाओं की पट्टिकाएं लगाये जाने व उसकी मॉनीटरिंग किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के माध्यम से जनपद में सैनिक बन्धु की बैठक में आयी सभी शिकायतों का चार्ट बनाने व समयबद्ध तथा समुचित निस्तारण के निर्देश दिए।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज के स्वर्गीय कर्मियों के आश्रित लाभार्थीगणों के डाटाबेस तैयार कर उनका रिकार्ड रखने का निर्देश दिया व कहा कि आश्रित परिवारों के सम्पर्क में रहें व उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ और सहायता की प्रगति के बारे में अधिकारीगण निरंतर अवगत भी होते रहें। उन्होंने शहीद एवं आश्रितों के बच्चों को साइकिल, टैबलेट तथा लैपटॉप दिए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए बच्चों को गियर वाली साइकिल प्रदान कराने तथा स्नातक कर रहे बच्चों को लैपटाप उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में राज्यपाल जी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज के स्वर्गीय कर्मियों के 9 आश्रित लाभार्थीगणों को प्रत्येक को तीन लाख रूपये की टर्म डिपाजिट का रसीद वितरित किया। उन्होंने प्रत्येक लाभार्थी से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए उनके आवास और बच्चों की शिक्षा–व्यवस्था की जानकारी ली और सभी की समस्याओं का मौके पर ही समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य डा0 महेन्द्र कुमार सिंह, विधान सभा सदस्य मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री विजय कुमार, विशेष सचिव राज्यपाल श्री बद्री नाथ सिंह, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज जॉनी, सचिव वित्त श्री शाहिद मंजर अब्बास रिजवी, ब्रिगेडियर रवि तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

———–

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी / राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश